1. अल्तामीरा, स्पेन की गुफा चित्रकला में प्रयुक्त मुख्य माध्यम क्या था ?

(A) गेरू और चारकोल के मिश्रण से प्राप्त वर्णक

(B) विशेष रूप से चारकोल से बने चित्र

(C) धातु-आधारित खनिज रंगों का अनुप्रयोग

(D) मिट्टी से बनी उभरी हुई छापें या ढलाई

What was the principal medium used in creating the cave paintings of Altamira, Spain ?

(A) Pigments derived from ochre and charcoal mixtures

(B) Drawings made exclusively with charcoal

(C) Application of metallic-based mineral paints

(D) Relief impressions or casts made from clay

2. गुफा संख्या एक के चित्रों में, चम्पेय जातक कथा में बोधिसत्त्व को किस रूप में चित्रित किया गया है ?

(A) एक सपेरे के रूप में
(B) नाग राजा के रूप में
(C) एक प्रतापी राजा के रूप में
(D) एक दरबारी के रूप में

In the paintings of Cave number one, in what form has the Bodhisattva been depicted in the Champeya Jataka tale ?

(A) As a snake charmer
(B) As a naga king
(C) As a glorious king
(D) As a courtier

3. पूर्वी सौंदर्य दर्शन के अनुसार, किसी कलाकृति में एकता को इसलिए महत्त्व दिया जाता है क्योंकि :

(A) यह कलाकृति को सार्थक भागों में विभाजित करने में सक्षम बनाता है

(B) यह रूप और विषय-वस्तु के बीच पृथक्करण को प्रोत्साहित करता है

(C) यह सौंदर्य की अविभाज्यता और संपूर्णता को संरक्षित करता है

(D) यह आध्यात्मिकता की अपेक्षा भौतिक सम्पदा और बाहरी दिखावे को प्राथमिकता देता है

According to Eastern aesthetic philosophy, the unity in a work of art is valued because :

(A) It enables division of the artwork into meaningful parts

(B) It encourages separation between form and content

(C) It preserves the indivisibility and wholeness of beauty

(D) It prioritizes material wealth and external appearance over spirit

4. किस रोमांटिक चित्रकार को 'द राफ्ट ऑफ द मेडुसा' नामक चित्र के लिए जाना जाता है, जिसमें नाटकीयता और भावनाओं पर विशे बल दिया गया है ?

(A) फ्रांसिस्को गोया
(B) जीन-ऑगस्ट-डोमिनिक इंग्रेस
(C) थियोडोर गेरिकॉल्ट
(D) जैक्स-लुई डेविड

Which Romantic painter is known for 'The Raft of the Medusa', emphasizing drama and emotion ?

(A) Francisco Goya
(B) Jean-Auguste-Dominique Ingres
(C) Théodore Géricault
(D) Jacques-Louis David

5. ड्यूरर की कलाकृति 'नाइट, डेथ, एंड द डेविल' को निम्नलिखित में से किस माध्यम में बनाया गया है ?

(A) लिनो-चित्रण (लिनोकट)
(B) काष्ठ-चित्रण (वुडकट)
(C) उत्कीर्णन (एनग्रेविंग)
(D) मेज़ोटिंट

'Knight, Death, and the Devil', the artwork by Dürer, was created in which of the following mediums ?

(A) Linocut
(B) Woodcut
(C) Engraving
(D) Mezzotint

6. मुगल चित्रकला में, 'निम कलम' की तकनीक से तात्पर्य है :

(A) स्वर्ण रेखाचित्रण
(B) स्याही से बनाई गई एकरंगी वॉश ड्राइंग
(C) उत्कीर्ण धातु बिंदु रेखाचित्रण
(D) पूर्ण-रंग अपारदर्शी चित्रकला

In Mughal painting, the technique of 'nim qalam' refers to :

(A) Gold line drawing
(B) Monochrome wash drawing with ink
(C) Engraved metal point sketching
(D) Full-colour opaque painting

7. 19वीं शताब्दी के मध्य में अपने चरमोत्कर्ष के दौरान बनारस-पटना शैली (कंपनी शैली) के प्रमुख चित्रकारों को किस महाराजा ने संरक्षण दिया था ?

(A) महाराजा प्रभु नारायण सिंह
(B) महाराजा उदित नारायण सिंह
(C) महाराजा ईश्वरी नारायण सिंह
(D) महाराजा चेत सिंह

Which Maharaja patronized the leading painters of the Banaras-Patna style (Company style) during its peak in the mid-19th century ?

(A) Maharaja Prabhu Narayan Singh
(B) Maharaja Udit Narayan Singh
(C) Maharaja Ishwari Narayan Singh
(D) Maharaja Chet Singh

8. किसके आह्वान पर कि "घर पर चित्र साधना न करें", नंदलाल बोस ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के लिए चित्र बनाए थे ?

(A) महात्मा गाँधी
(B) सुभाषचन्द्र बोस
(C) जवाहरलाल नेहरू
(D) सरदार वल्लभभाई पटेल

At whose call, "Don't do Chitra Sadhana at home", did Nandlal Bose create paintings for the Indian Independence Movement ?

(A) Mahatma Gandhi
(B) Subhas Chandra Bose
(C) Jawaharlal Nehru
(D) Sardar Vallabhbhai Patel

9. गोथिक चित्रकला में स्थानिक गहराई का विकास किस तकनीकी नवाचार से संबंधित है ?

(A) स्वर्ण पत्र पृष्ठभूमि का व्यापक उपयोग
(B) फ्लाइंग बट्रेस का वास्तुशिल्पीय उपयोग
(C) प्रकाश और छाया के लिए कियारोस्कोरो तकनीक
(D) रैखिक परिप्रेक्ष्य प्रणालियों का परिचय

Which technical innovation is associated with the development of spatial depth in Gothic paintings ?

(A) Extensive use of gold leaf background
(B) Architectural use of flying buttresses
(C) Chiaroscuro technique for light and shade
(D) Introduction of linear perspective systems

10. इटली में किस शताब्दी के दौरान गोथिक चित्रकला से पुनर्जागरण शैली में प्रारंभिक परिवर्तन शुरू हुआ ?

(A) 12वीं शताब्दी (B) 14वीं शताब्दी (C) 18वीं शताब्दी (D) 16वीं शताब्दी

In Italy, during which century did the initial transition from Gothic painting to the Renaissance style begin ?

(A) 12th century (B) 14th century (C) 18th century (D) 16th century

11. निम्नलिखित में से कौन-सी पेंटिंग को प्रतीकात्मक कृति माना जाता है, जिसने प्रभाववाद को अपना नाम दिया ?

(A) क्लॉड मोनेट द्वारा इम्प्रेशन, सनराइज़

(B) एडगर डेगास द्वारा बैले रिहर्सल

(C) रेनॉयर द्वारा डाँस एट ले मौलिन डे ला गैलेट

(D) क्लॉड मोनेट द्वारा वाटर लिलीज़

Which painting is considered the emblematic work that gave impressionism its name ?

(A) Impression, Sunrise by Claude Monet

(B) Ballet Rehearsal by Edgar Degas

(C) Dance at Le Moulin de La Galette by Renoir

(D) Water Lilies by Claude Monet

12. कौन-से वास्तुशिल्पीय तत्त्व पुनर्जागरण वास्तुकला की परिभाषित विशेषताएँ हैं, जो गोथिक शैलियों से भिन्न हैं ?

(A) नुकीले मेहराब और धारीदार वॉल्ट

(B) उड़ते हुए बट्रेस और रंगीन (स्टेंड) ग्लास की खिड़कियाँ

(C) विस्तृत बारोक शैली की सजावट

(D) सममित स्तंभ, मेहराब और गुंबद

Which architectural elements are defining characteristics of Renaissance architecture, marking a difference from Gothic styles ?

(A) Pointed arches and ribbed vaults

(B) Flying buttresses and stained glass windows

(C) Elaborate Baroque-style decorations

(D) Symmetrical columns, arches and domes

13. अलवर के राजगढ़ किले के शीश महल में सुंदर भित्तिचित्र बनाने का श्रेय किस कलाकार को जाता है ?

(A) बलदेव (B) मूलचंद (C) जमनादास (D) डालूराम

Which artist is credited with creating the beautiful murals in the Sheesh Mahal of the Rajgarh Fort in Alwar ?

(A) Baldev (B) Moolchand (C) Jamnadas (D) Daluram

14. 'दिल्ली शिल्पी चक्र' समूह की स्थापना किस वर्ष हुई थी ?

(A) 1940

(B) 1949

(C) 1944

(D) 1948

The 'Delhi Shilpi Chakra' group was founded in which year ?

(A) 1940

(B) 1949

(C) 1944

(D) 1948

15. किस शासक के शासनकाल को जयपुर चित्रकला का स्वर्ण युग माना जाता है, जो विशेष रूप से हवेलियों और महलों में भित्ति चित्रों के संरक्षण के लिए जाने जाते हैं ?

(A) सवाई जय सिंह द्वितीय (B) महाराणा प्रताप (C) सवाई प्रताप सिंह (D) मिर्ज़ा राजा जय सिंह

The reign of which ruler is regarded as the golden age of Jaipur painting, particularly noted for the patronage of wall paintings in havelis and palaces ?

(A) Sawai Jai Singh II (B) Maharana Pratap (C) Sawai Pratap Singh (D) Mirza Raja Jai Singh

71610023

16. प्लेटो के अनुसार पाँच तत्त्वों (वायु, जल, पृथ्वी, अग्नि और आकाश) की सुन्दरता का मूल आधार क्या है ?

(A) उनकी दुर्लभता

(B) उनका प्राकृतिक रंग

(C) उनका ज्यामितीय आकार

(D) उनकी भौतिक उपयोगिता

According to Plato, what is the fundamental basis of the beauty of the five elements (air, water, earth, fire, and sky) ?

(A) Their rarity

(B) Their natural colour

(C) Their geometric shape

(D) Their physical utility

17. गोथिक वास्तुकला में भवनों की अत्यधिक ऊँचाई और नुकीले खिड़की-दरवाजों का कला के अन्य रूपों पर क्या प्रभाव पड़ा ?

(A) यह शैली केवल भवन निर्माण तक ही सीमित रह गई

(B) चित्रकला का महत्त्व पूरी तरह समाप्त हो गया

(C) मूर्तियों को भी ऊँचाई के अनुपात में लंबे आकार में बनाया जाने लगा

(D) भवनों के अंदर रोशनी कम हो गई

What impact did the extreme height of buildings and the pointed windows and doorways of Gothic architecture have on other forms of art ?

(A) This style was limited to building construction alone

(B) The importance of painting came to an end altogether

(C) Sculptures were also made in elongated forms in proportion to the height

(D) The light inside the buildings diminished

18. भित्ति चित्रकला तकनीक के रूप में "बुओन फ्रेस्को" को फ्रेस्को सेक्को से क्या अलग करता है ?

(A) इसमें सीधे गीले प्लास्टर पर रंगद्रव्य लगाने की आवश्यकता होती है

(B) इसे हमेशा तैयार लकड़ी के पैनलों पर निष्पादित किया जाता है

(C) यह प्राथमिक बंधन माध्यम के रूप में अंडे के टेम्पेरा का उपयोग करता है

(D) यह केवल बाहरी वास्तुशिल्प दीवारों को चित्रित करने के लिए उपयुक्त है

What sets "buon fresco" apart from fresco secco as a mural painting technique ?

(A) It requires pigments to be applied directly on to wet plaster

(B) It is always executed on prepared wood panels

(C) It employs egg tempera as the primary binding medium

(D) It is suitable only for painting exterior architectural walls

19. बायज़ेंटाइन गिरिजाघरों में गर्भगृह से नेव को अलग करने वाली अलंकृत स्क्रीन का नाम क्या है ?

(A) आइकॉनोस्टेसिस

(B) ट्रांसेप्ट

(C) एप्स

(D) नार्थेक्स

What is the name of the decorated screen separating the nave from the sanctuary in Byzantine churches ?

(A) Iconostasis

(B) Transept

(C) Apse

(D) Narthex

20. अलेक्जेंडर गॉटलीब बॉमगार्टन को सौंदर्यशास्त्र की निम्नलिखित परिभाषा के लिए जाना जाता है :

(A) संवेदी अनुभूति का विज्ञान
(B) उदात्त का दर्शन
(C) राजनीतिक कला का अध्ययन
(D) सौंदर्य का धर्मशास्त्र

Alexander Gottlieb Baumgarten is known for defining aesthetics as :

(A) The science of sensible cognition
(B) The philosophy of the sublime
(C) The study of political art
(D) The theology of beauty

21. नीचे दो कथन अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किए गए हैं।

**अभिकथन (A) :** अजन्ता के चित्रकारों ने भित्ति लेप में धान की भूसी का उपयोग किया।

**कारण (R) :** इसका उद्देश्य दीवार की सतह को मजबूती प्रदान करना और उसे दरारों से बचाना था।

नीचे दिए गए विकल्पों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

(A) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं और कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या करता है।
(B) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या *नहीं* करता है।
(C) अभिकथन (A) ग़लत है, परन्तु कारण (R) सही है।
(D) अभिकथन (A) सही है, परन्तु कारण (R) ग़लत है।

Two statements labelled as Assertion (A) and Reason (R) are given below.

**Assertion (A) :** The Ajanta painters used rice husk in the plaster.

**Reason (R) :** Its purpose was to strengthen the wall surface and protect it from cracks.

Select the correct answer using the options given below :

(A) Both Assertion (A) and Reason (R) are true and Reason (R) is the correct explanation of the Assertion (A).
(B) Both Assertion (A) and Reason (R) are true, but Reason (R) is ***not*** the correct explanation of the Assertion (A).
(C) Assertion (A) is false, but Reason (R) is true.
(D) Assertion (A) is true, but Reason (R) is false.

22. पीएट मॉड्रियन की कलाकृति 'ब्रॉडवे बूगी वूगी' का निर्माण किस अवधि में हुआ था ?

(A) 1950 – 1955
(B) 1930 – 1931
(C) 1920 – 1925
(D) 1942 – 1943

The 'Broadway Boogie Woogie' artwork by Piet Mondrian was done in which period ?

(A) 1950 – 1955
(B) 1930 – 1931
(C) 1920 – 1925
(D) 1942 – 1943

23. रॉबर्ट डेलाउने ने ऑर्फ़िज़्म (Orphism) को अनोखे ढंग से किस प्रकार प्रस्तुत किया ?

(A) केवल ब्लैक एंड व्हाइट चित्रों द्वारा
(B) केवल मूर्त आकृतियाँ बनाकर
(C) रंगों के माध्यम से आकार रचना द्वारा
(D) मूर्तिकला के माध्यम से

How did Robert Delaunay present Orphism in a unique way ?

(A) Only through black and white paintings
(B) By creating only tangible forms
(C) Through the creation of shapes with colours
(D) Through sculpture

24. निम्नलिखित में से कौन-सा पूर्वी सौंदर्यशास्त्र पर ताओवाद के प्रभाव को दर्शाता है ?
(A) आंतरिक शांति और प्राकृतिक व्यवस्था के साथ सामंजस्य पर बल
(B) भौतिक संपदा और प्रदर्शन के माध्यम से भव्य सौंदर्य की खोज
(C) भावना या आध्यात्मिक गहराई से अलग सौंदर्य की सराहना
(D) कलात्मक परंपराओं और तकनीकी औपचारिकता का सख्ती से पालन

Which of the following reflects Taoism's influence on Eastern aesthetics ?
(A) Emphasis on inner peace and harmony with the natural order
(B) Pursuit of grandiose beauty through material wealth and display
(C) Appreciation of beauty detached from emotion or spiritual depth
(D) Strict adherence to artistic conventions and technical formalism

25. सौंदर्यशास्त्र में इमैनुएल कांट का प्रमुख योगदान यह विचार था कि सौंदर्य है :
(A) विज्ञान द्वारा मापी गई एक वस्तुनिष्ठ गुणवत्ता
(B) ईश्वरीय पूर्णता का प्रतिबिंब
(C) सार्वभौमिक रूप से साझा किया गया एक व्यक्तिपरक निर्णय
(D) व्यावहारिक उपयोग और उपयोगिता पर आधारित

Immanuel Kant's major contribution to aesthetics was the idea that beauty is :
(A) An objective quality measured by science
(B) A reflection of divine perfection
(C) A subjective judgment shared universally
(D) Based on practical use and utility

26. इनमें से कौन-सी सामग्री आधुनिक भित्ति चित्रकला में सामान्यतः प्रयुक्त ***नहीं*** होती है ?
(A) प्राथमिक बाँधने वाले पदार्थ के रूप में ज्वालामुखीय चूना
(B) ऐक्रेलिक-आधारित पेंट और इमल्शन
(C) स्थायित्व के लिए एल्किड रेज़िन माध्यम
(D) दीवार कोटिंग आधार के रूप में स्टाइरीन-ऐक्रेलिक रेज़िन

Which of these is ***not*** a contemporary material commonly used in modern Mural painting ?
(A) Volcanic lime as a primary binder
(B) Acrylic-based paints and emulsions
(C) Alkyd resin mediums for durability
(D) Styrene-acrylic resin as wall coating base

27. किस मुगल कलाकार को 'नादिर-उल-अस्र' की उपाधि दी गई थी ?
(A) उस्ताद मंसूर
(B) बिचित्र
(C) अका रिज़ा
(D) बिशन दास

Which Mughal artist was given the title 'Nadir-ul-Asr' ?
(A) Ustad Mansur
(B) Bichitr
(C) Aqa Riza
(D) Bishan Das

28. बायज़ेंटाइन कला में, स्वर्ण की पृष्ठभूमि किसका प्रतीक है ?

(A) दिन का प्रकाश या प्राकृतिक रोशनी
(B) सांसारिक धन और भौतिक समृद्धि
(C) दिव्य प्रकाश और स्वर्गीय क्षेत्र
(D) शाही या राजनीतिक अधिकार

In Byzantine art, gold backgrounds symbolize :

(A) Daylight or natural illumination
(B) Earthly wealth and material prosperity
(C) Divine light and heavenly realm
(D) Imperial or political authority

29. निम्नलिखित में से किस पुरातत्त्वविद् ने मिर्जापुर जिले के सोहागीघाट क्षेत्र में प्रागैतिहासिक शैलचित्रों की खोज की थी ?

(A) आर्चीबाल्ड कार्लाइल
(B) वी.एस. वाकणकर
(C) जॉन मार्शल
(D) मोर्टिमर व्हीलर

Who among the following archaeologists discovered the prehistoric rock paintings in the Sohagighat of the Mirzapur district ?

(A) Archibald Carlleyle
(B) V.S. Wakankar
(C) John Marshall
(D) Mortimer Wheeler

30. अजंता के भित्तिचित्रों में सफ़ेद रंग के लिए किन वर्णकों का उपयोग किया गया था ?

(A) चूना, जिप्सम और ग्लौकोनाइट
(B) ग्लौकोनाइट, चूना और फेरस सिलिकेट
(C) काओलिन, चूना और जिप्सम
(D) फेरस सिलिकेट, चूना और जिप्सम

Which pigments were used for white colour in Ajanta Murals ?

(A) Lime, Gypsum and Glauconite
(B) Glauconite, Lime and ferrous Silicate
(C) Kaolin, Lime and Gypsum
(D) Ferrous Silicate, Lime and Gypsum

31. सित्तनवासल और थिरुमलाईपुरम में प्रारंभिक भारतीय भित्तिचित्र किस तकनीक के संयोजन का उपयोग करके बनाए गए थे ?

(A) गेसो कोटिंग पर ऐक्रेलिक रंगों के रूप में प्रयुक्त
(B) पूरी तरह से बुओन फ्रेस्को विधि से निष्पादित
(C) पारंपरिक तैल चित्रकला प्रक्रियाओं के माध्यम से प्रस्तुत
(D) सामग्री-आधारित रंगों का उपयोग करके फ्रेस्को-सेक्को में चित्रित

The early Indian Murals at Sittanavasal and Thirumalaipuram were created using which combination of techniques ?

(A) Applied as acrylic colours over gesso coating
(B) Executed entirely in the buon fresco method
(C) Rendered through traditional oil painting processes
(D) Painted in fresco-secco using material-based colours

32. खोई मोम (लॉस्ट वैक्स) प्रक्रिया निम्नलिखित में से किसके लिए एक महत्त्वपूर्ण तकनीक है ?

(A) मिट्टी के बर्तन
(B) ग्राफ़िक्स
(C) धातु ढलाई
(D) चित्रकारी

The lost wax process is an important technique for which of the following ?

(A) Pottery
(B) Graphics
(C) Metal Casting
(D) Painting

33. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (शी हे के छह सिद्धांत) | | सूची II (अर्थ) |
|---|---|---|
| a. चीयू शेंग तुंग | i. | परम्परा अनुकरण |
| b. कू फा योंग पी | ii. | वाइटल मीटर |
| c. चिंग यिंग वेई की | iii. | तूलिका द्वारा अस्थि विशेष का अंकन |
| d. चुआंग यी मू शी | iv. | उन्नित दृश्य संयोजन |

कूट :

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(D) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

Match List I with List II and choose the correct answer from the codes given below the lists :

| List I (Six Canons of Xie He) | | List II (Meaning) |
|---|---|---|
| a. Chi Yu Sheng Tung | i. | Tradition Imitation |
| b. Ku Fa Yong Pi | ii. | Vital Meter |
| c. Ching Ying Wei Qi | iii. | Marking a specific bone with the brush |
| d. Chuang Yi Mu Shi | iv. | Proper visual composition |

**Codes :**

(A) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(B) a-ii, b-iii, c-iv, d-i
(C) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(D) a-iv, b-iii, c-ii, d-i

34. कलाकृति 'पाथेर पांचाली की दुर्गा' का माध्यम क्या है ?

(A) कागज़ पर चारकोल
(B) कागज़ पर जल-रंग
(C) कार्डबोर्ड पर स्याही
(D) कैनवास पर तैल-रंग

What is the medium of the artwork 'Durga of Pather Panchali' ?

(A) Charcoal on Paper
(B) Watercolour on Paper
(C) Ink on Cardboard
(D) Oil on Canvas

35. भारतीय लघु चित्रकला के संदर्भ में 'वासली' क्या है ?

(A) सतह को चमकाने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला चिकना पॉलिश वाला पत्थर
(B) बारीक पिसा हुआ खनिज रंग वर्णक
(C) चित्रकारी के लिए एक साथ चिपकाई गई हस्तनिर्मित कागज़ की परतें
(D) रंग वर्णक तैयार करने में प्रयुक्त गोंद या बाइंडर

What is 'Wasli' in the context of Indian miniature painting ?

(A) Smooth burnishing stone used to polish the surface
(B) Finely ground mineral colour pigment
(C) Layered sheets of handmade paper pasted together for painting
(D) Gum or binder used in preparing colour pigments

36. लंदन स्थित इंडिया हाउस को सजाने के लिए भारत सरकार द्वारा चुने गए तीन कलाकारों का समूह निम्नलिखित में से कौन-सा था ?
(A) असित कुमार हल्दार, राणादा उकील, सुधांशु चौधरी
(B) सुधांशु चौधरी, ईश्वर दास, ललित मोहन सेन
(C) ललित मोहन सेन, राणादा उकील, सुधांशु चौधरी
(D) पी.आर. रॉय, कानु देसाई, ललित मोहन सेन
Which of the following groups of three artists was selected by the Government of India to decorate India House in London ?
(A) Asit Kumar Haldar, Ranada Ukil, Sudhansu Choudhary
(B) Sudhansu Choudhary, Ishwar Das, Lalit Mohan Sen
(C) Lalit Mohan Sen, Ranada Ukil, Sudhansu Choudhary
(D) P.R. Roy, Kanu Desai, Lalit Mohan Sen

37. किस घटना ने ईसाई धर्म को कानूनी दर्जा प्रदान किया और प्रारंभिक ईसाई स्मारकीय और भूमिगत कब्रों की कला को प्रोत्साहित किया ?
(A) मिलान का फरमान
(B) कॉन्स्टेंटिनोपल का पतन
(C) मूर्तिभंजन का अंत (843 ई.)
(D) सम्राट जस्टिनियन का शासनकाल
Which event granted legal status to Christianity and stimulated early Christian monumental and catacomb art ?
(A) The Edict of Milan
(B) The fall of Constantinople
(C) The end of Iconoclasm (843 AD)
(D) The reign of Emperor Justinian

38. एडवर्ड मुंच द्वारा चित्रित कौन-सी अभिव्यक्तिवादी कलाकृति विकृत रूप और चमकीले रंगों के माध्यम से भावनात्मक पीड़ा का प्रतीक है ?
(A) द ब्लू राइडर
(B) द लार्ज ब्लू हॉर्सेस
(C) द स्क्रीम
(D) स्ट्रीट, ड्रेसडेन
Which Expressionist artwork was painted by Edvard Munch and epitomizes emotional angst through distorted form and vivid colours ?
(A) The Blue Rider
(B) The Large Blue Horses
(C) The Scream
(D) Street, Dresden

39. मुग़ल और दक्कन शैलियों के मिश्रण वाली हाड़ौती चित्रकला शैली में कौन-कौन-सी दो उप-शैलियाँ शामिल हैं ?
(A) मेवाड़ और मारवाड़
(B) जयपुर और बीकानेर
(C) किशनगढ़ और अलवर
(D) बूँदी और कोटा
The Hadoti School of Painting, which features a blend of Mughal and Deccan styles, includes which two sub-schools ?
(A) Mewar and Marwar
(B) Jaipur and Bikaner
(C) Kishangarh and Alwar
(D) Bundi and Kota

40. घनवादी शैली के स्थिर जीवन चित्रण में किस पर बल दिया जाता है ?

(A) स्वर्ण अनुपात
(B) वस्तुओं का ज्यामितीय सरलीकरण
(C) कियारोस्कोरो प्रभाव
(D) वायुमंडलीय गहराई का भ्रम

The Cubist approach to still life emphasizes :

(A) Golden ratio proportion
(B) Geometric simplification of objects
(C) Chiaroscuro effects
(D) Atmospheric depth illusion

41. प्रसिद्ध राजस्थानी लघु चित्रकला - 'चित्रकूट में भरत का राम से मिलाप' में कितनी आकृतियाँ चित्रित की गई हैं ?

(A) 46 (B) 47 (C) 49 (D) 48

How many figures are depicted in the famous Rajasthani Miniature painting – 'Bharat Meets Rama at Chitrakuta' ?

(A) 46 (B) 47 (C) 49 (D) 48

42. अलंकरण शैली की कौन-सी पांडुलिपि, अंतर्राष्ट्रीय गोथिक शैली की एक उत्कृष्ट कृति है ?

(A) ट्रेस रिचेस ह्यूरेस डू ड्यूक डी बेरी
(B) आवर्स ऑफ़ जीन डी'एवरेक्स
(C) लिंडिसफ़ार्न गॉस्पल्स
(D) बुक ऑफ़ केल्स

Which manuscript is an exemplary masterpiece of International Gothic style in illumination ?

(A) Très Riches Heures du Duc de Berry
(B) Hours of Jeanne d'Evreux
(C) Lindisfarne Gospels
(D) Book of Kells

43. असित कुमार हल्दार को लखनऊ के गवर्नमेंट स्कूल ऑफ़ आर्ट्स का प्रिंसिपल किस वर्ष नियुक्त किया गया था ?

(A) 1926 (B) 1927 (C) 1925 (D) 1924

In which year was Asit Kumar Haldar appointed as Principal of the Government School of Arts of Lucknow ?

(A) 1926 (B) 1927 (C) 1925 (D) 1924

44. बायज़ेंटाइन मोज़ाइक और रंगीन (स्टेंड) ग्लास कलाकृतियों में उपयोग किए जाने वाले रंगीन काँच, पत्थर या अन्य सामग्रियों के छोटे टुकड़ों को क्या कहते हैं ?

(A) टेसेरे (B) भित्तिचित्र (C) स्टुको (D) एनकॉस्टिक टाइलें

What is the term for the small pieces of coloured glass, stone or other materials used in Byzantine mosaics and stained glass artworks ?

(A) Tesserae (B) Frescoes (C) Stucco (D) Encaustic tiles

45. किस कलाकार ने लियोनार्डो दा विंची की पेंटिंग "लीडा एंड द स्वान" पर आधारित एक अध्ययन रेखाचित्र बनाया ?

(A) राफेल
(B) दांते
(C) वेरोचियो
(D) माइकल एंजेलो

Which artist created a direct study sketch based on Leonardo da Vinci's painting "Leda and the Swan" ?

(A) Raphael
(B) Dante
(C) Verrocchio
(D) Michelangelo

46. मुगल लघु चित्रकला "दारा शिकोह की बारात" बनाने का श्रेय किस चित्रकार को दिया जाता है ?

(A) अबुल हसन
(B) मिस्किन
(C) हाजी मदनी
(D) उस्ताद मंसूर

Which painter is credited with creating the Mughal miniature painting "Marriage Procession of Dara Shikoh" ?

(A) Abul Hassan
(B) Miskin
(C) Haji Madni
(D) Ustad Mansur

47. कौन-सी तकनीक प्रभाववादी चित्रकारों की विशेषता थी, लेकिन कभी-कभी प्रभाववादी-प्रभावित मूर्तिकला (रोडिन के उत्तरार्ध काल) में भी दिखाई देती थी ?

(A) अत्यधिक पॉलिश की गई सतहें
(B) अतिसूक्ष्मवाद
(C) ढीले, दृश्यमान ब्रशस्ट्रोक
(D) लकड़ी की नक्काशी

Which technique was characteristic of Impressionist Painters but sometimes appeared in Impressionist-influenced sculpture (Rodin's late period) ?

(A) Highly polished surfaces
(B) Minimalism
(C) Loose, visible brushstrokes
(D) Woodcarving

48. सूची I को सूची II से सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (शासक) | सूची II (चित्रकला शैली) |
|---|---|
| a. राजा कृपाल पाल | i. कांगड़ा |
| b. राजा गोवर्धन चंद | ii. कुल्लू |
| c. राजा घमंड चंद | iii. बसोहली |
| d. राजा प्रीतम सिंह | iv. गुलेर |

कूट :

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

Match List I with List II and choose the correct answer from the codes given below the lists :

| List I (Ruler) | List II (Painting School) |
|---|---|
| a. Raja Kirpal Pal | i. Kangra |
| b. Raja Govardhan Chand | ii. Kullu |
| c. Raja Ghamand Chand | iii. Basohli |
| d. Raja Pritam Singh | iv. Guler |

Codes :

(A) a-iii, b-iv, c-i, d-ii
(B) a-ii, b-i, c-iv, d-iii
(C) a-iv, b-iii, c-ii, d-i
(D) a-i, b-ii, c-iii, d-iv

49. पहाड़ी चित्रकला में स्त्री आकृतियों को सामान्यत: किस रूप में दर्शाया गया है ?

(A) कठोर और अत्यधिक अलंकृत

(B) अमूर्त सपाट आकृतियाँ

(C) ओजस्वी और बलिष्ठ

(D) लंबी आँखों वाली लालित्यपूर्ण आकृति

In Pahari paintings, female figures are usually shown as

(A) Rigid and heavily ornamented

(B) Abstract flat silhouettes

(C) Strong and athletic

(D) Graceful with elongated eyes

50. किस कलाकार को पटना कलम चित्रकला शैली का अग्रदूत माना जाता है ?

(A) अबनींद्रनाथ टैगोर
(B) सेवक राम

(C) अमृता शेर-गिल
(D) राजा रवि वर्मा

Which artist is regarded as the pioneer of the Patna Kalam School of Painting ?

(A) Abanindranath Tagore
(B) Sewak Ram

(C) Amrita Sher-Gil
(D) Raja Ravi Varma

51. पाँचवीं शताब्दी के उस ग्रंथ का नाम बताइए जिसे भारतीय कला और चित्रकला का स्रोत माना जाता है।

(A) भागवत पुराण
(B) विष्णुधर्मोत्तर पुराण

(C) शिल्पशास्त्र
(D) कल्पसूत्र

Name the fifth century text that is regarded as a source book of Indian art and painting.

(A) Bhagavat Purana
(B) Vishnudharmottara Purana

(C) Shilpashastra
(D) Kalpasutra

52. भारतीय कला की किस मूर्ति को "उसके होठों पर रहस्यमयी अर्ध-मुस्कान" के कारण मोना लिसा माना जाता है ?

(A) देवी
(B) नृत्यांगना

(C) दीदारगंज यक्षी
(D) मातृदेवी

Which sculpture in Indian art is considered the Mona Lisa because of "the mysterious half smile on her lips" ?

(A) Devi
(B) Dancing Girl

(C) Yakshi from Didarganj
(D) Mother Goddess

53. कौन-सा ईंटवर्क पैटर्न कई बायज़ेंटाइन गिरिजाघरों के बाहरी हिस्सों की विशेषता है ?

(A) रनिंग बॉन्ड
(B) हेरिंगबोन चिनाई

(C) फ्लेमिश बॉन्ड
(D) बास्केट वीव

Which brickwork pattern characterizes the exteriors of many Byzantine churches ?

(A) Running bond
(B) Herringbone masonry

(C) Flemish Bond
(D) Basket weave

54. पोप जूलियस द्वितीय ने सिस्टीन चैपल की छत को सजाने के लिए किस उच्च पुनर्जागरणकालीन भित्तिचित्र (फ्रेस्को) श्रृंखला का निर्माण करवाया था ?

(A) एथेंस स्कूल (द स्कूल ऑफ एथेंस)
(B) मैगी (Magi) की आराधना (एडोरेशन ऑफ द मैगी)
(C) अंतिम भोज (द लास्ट सपर)
(D) उत्पत्ति और भविष्यवक्ता (जेनेसिस एण्ड प्रॉफेट्स)

Which High Renaissance fresco cycle was commissioned by Pope Julius II to decorate the ceiling of the Sistine Chapel ?

(A) The School of Athens
(B) Adoration of the Magi
(C) The Last Supper
(D) Genesis and Prophets

55. अकबर के समय में कौन-से चित्रकारों ने यूरोपीय और ईसाई विषयों की कलाकृतियों पर प्रमुखता से कार्य किया था ?

(A) उस्ताद मंसूर और मनोहर
(B) बेहज़ाद और मिस्किन
(C) बसवान और केसू दास
(D) दसवंत और तारा

Which painters during Akbar's time primarily focused on European and Christian subjects in their artworks ?

(A) Ustad Mansur and Manohar
(B) Behzad and Miskin
(C) Basawan and Kesu Das
(D) Daswanth and Tara

56. जयपुर भित्ति (फ्रेस्को) चित्रकला के साथ सबसे अधिक जुड़ी हुई कौन-सी स्वदेशी तकनीक है, जिसमें गीले चूने के प्लास्टर पर रंगों का प्रयोग करके चिकनी, संगमरमर जैसी फिनिश प्राप्त की जाती है ?

(A) स्ग्राफिटो
(B) स्कैग्लियोला
(C) टेम्पेरा सेक्को
(D) अरायश

Which indigenous technique is most associated with Jaipur fresco painting, involving the application of pigments to wet lime plaster to achieve a smooth, marble-like finish ?

(A) Sgraffito
(B) Scagliola
(C) Tempera Secco
(D) Araish

57. बीकानेर चित्रकला के संदर्भ में उस्ताद अली रज़ा के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है ?

(A) उन्होंने यूरोपीय तैल चित्रकला तकनीकों का परिचय दिया।
(B) वे मुख्य रूप से एक मूर्तिकार थे, न कि चित्रकार।
(C) वे दिल्ली के प्रशिक्षित उस्ताद थे जिन्होंने बीकानेर शैली की नींव रखी।
(D) उन्होंने केवल पहाड़ी दरबारों में ही काम किया।

Which of the following statements is true about Ustad Ali Raza in relation to Bikaner painting ?

(A) He introduced European oil painting techniques.
(B) He was primarily a sculptor rather than a painter.
(C) He was a Delhi-trained master who helped establish the Bikaner style.
(D) He worked exclusively in Pahari courts.

58. मैरी (मरियम) के प्रति भक्ति के पुनरुत्थान के कारण गोथिक चित्रकला में कौन-सा रूपांकन प्रमुख हो गया ?

(A) ईसा का जन्म (नेटिविटी)

(B) कुमारी (वर्जिन) का राज्याभिषेक (कोरोनेशन ऑफ द वर्जिन)

(C) अंतिम न्याय (लास्ट जजमेंट)

(D) सूली पर चढ़ाना (क्रूसिफिकशन)

Which motif became prominent in Gothic painting due to a resurgence in Marian devotion ?

(A) Nativity

(B) Coronation of the Virgin

(C) Last Judgement

(D) Crucifixion

59. अमृता शेर-गिल पश्चिमी और पारंपरिक भारतीय कलात्मक तत्त्वों के सम्मिश्रण वाली किस शैली के लिए जानी जाती हैं ?

(A) अमूर्त अभिव्यक्तिवाद

(B) आधुनिक भारतीय कला

(C) डिजिटल पेंटिंग

(D) स्ट्रीट आर्ट

Amrita Sher-Gil is known for which style of art that blends western and traditional Indian artistic elements ?

(A) Abstract Expressionism

(B) Modern Indian Art

(C) Digital Painting

(D) Street Art

60. पहाड़ी चित्रकला शैली किस काल में फली-फूली ?

(A) 10वीं – 12वीं शताब्दी ईस्वी

(B) 14वीं – 15वीं शताब्दी ईस्वी

(C) 17वीं – 19वीं शताब्दी ईस्वी

(D) 20वीं शताब्दी ईस्वी के प्रारंभ में

The Pahari School of Painting flourished during which period ?

(A) $10^{th} – 12^{th}$ centuries CE

(B) $14^{th} – 15^{th}$ centuries CE

(C) $17^{th} – 19^{th}$ centuries CE

(D) Early $20^{th}$ century CE

61. पाश्चात्य रोमन चित्रण परंपरा में "मेज़ो फ्रेस्को (Mezzo Fresco)" की तकनीकी विशिष्टता का निर्धारण किस आधार पर किया गया है ?

(A) ब्रशस्ट्रोक की सूक्ष्मता और स्पष्टता द्वारा

(B) जलरंगों के बहु-परतीय लेपन की प्रक्रिया द्वारा

(C) शुष्क प्लास्टर पर रंजकों के त्वरित प्रयोग द्वारा

(D) किंचित आर्द्र भित्ति सतह पर टेम्पेरा माध्यम के प्रयोग द्वारा

On what basis has the technical specificity of the "Mezzo Fresco" been determined in the Western Roman pictorial tradition ?

(A) By the fineness and definition of brushstrokes

(B) By the process of multi-layered application of watercolours

(C) By the rapid application of pigments on dry plaster.

(D) By applying tempera medium to a slightly damp wall surface

62. अमेरिकी चित्रकार चार्ल्स डेमुथ द्वारा कुछ फ़ैक्टरी इमारतों को दर्शाने वाली पेंटिंग का क्या नाम है ?

(A) माई इजिप्ट
(B) ब्रुकलिन ब्रिज
(C) अमेरिकन गोथिक
(D) द परसिस्टेंस ऑफ़ मेमोरी

What is the name of the painting done of some factory buildings by American painter Charles Demuth ?

(A) My Egypt
(B) Brooklyn Bridge
(C) American Gothic
(D) The Persistence of Memory

63. अजंता की गुफाओं का भौगोलिक स्वरूप और विशिष्ट स्थितिगत विशेषता क्या है ?

(A) एक मैदान पर समूहबद्ध, पूर्व दिशा में सूर्योदय की ओर मुख किए हुए
(B) अर्धवृत्ताकार चट्टान में खुदाई की गई
(C) एक कृत्रिम नहर प्रणाली के साथ क्रम में संरेखित
(D) शहर में बिखरी हुई, दक्षिण दिशा की ओर मुख किए हुए

What is the geographical layout and unique positioning feature of the Ajanta caves ?

(A) Clustered on a plain, facing east toward the sunrise
(B) Excavated into a semicircular cliff
(C) Aligned in sequence along an artificial canal system
(D) Scattered across a city, facing southward

64. पटना कलम चित्रकला शैली के पतन में किस कारक ने योगदान दिया ?

(A) फोटोग्राफी का आगमन और लोकप्रियकरण
(B) अकाल और सूखा
(C) क्षेत्रीय लोक और शिल्प परंपराओं का उदय
(D) उत्तर भारत में युद्ध और राजनीतिक संघर्ष

Which factor contributed to the decline of Patna Kalam School of painting ?

(A) Advent and popularization of photography
(B) Famine and drought
(C) Rise of regional folk and craft traditions
(D) Wars and political conflicts in North India

65. उद्योगों के आधुनिक उदय ने कला के क्षेत्र को किस प्रकार प्रभावित किया ?

(A) शहरी परिदृश्यों में रुचि का अभाव
(B) सभी पारंपरिक तकनीकों का पूर्ण रूप से परित्याग
(C) नए तनाव और संघर्ष
(D) केवल शास्त्रीय कला के प्रति अधिक सराहना

How did the modern rise of industry influence the field of art ?

(A) Lack of interest in urban landscapes
(B) Complete abandonment of all traditional techniques
(C) New tension and conflicts
(D) Greater appreciation for classical art only

716101023

66. पुनर्जागरणकाल के दौरान बोटीचेली की चित्रकला शैली की विशिष्ट विशेषता क्या थी ?

(A) सुंदर रेखाएँ, मिथक और सजावटी विवरण
(B) अमूर्त आकृतियाँ और ज्यामितीय पैटर्न
(C) प्रकाश, छाया और प्रकृतिवाद का सशक्त प्रयोग
(D) सटीक शरीर रचना और वैज्ञानिक दृष्टिकोण

What is the distinguishing feature of Botticelli's painting style during the Renaissance ?

(A) Graceful lines, myths, and decorative detail
(B) Abstract forms and geometric patterns
(C) Strong use of light, shadow, and naturalism
(D) Precise anatomy and scientific perspective

67. बाइज़ेंटाइन कला में मूर्तिभंजन (726 – 843) के धार्मिक विवाद के परिणामस्वरूप :

(A) धार्मिक चित्रों और पवित्र प्रतिमाओं का विकास हुआ
(B) धर्मनिरपेक्ष गैर-धार्मिक कला रूपों का उदय हुआ
(C) प्रतिमाओं और चित्रों का विनाश किया गया और उन पर आधिकारिक प्रतिबंध लगाया गया
(D) चर्चों में फ्रेस्को पेंटिंग तकनीकों की शुरुआत हुई

The theological controversy of Iconoclasm (726 – 843) in Byzantine art resulted in :

(A) The flourishing of religious imagery and sacred icons
(B) The rise of secular non-religious art forms
(C) The destruction and official banning of icons and images
(D) The introduction of fresco painting techniques in churches

68. वह रासायनिक प्रक्रिया क्या कहलाती है जिसके द्वारा पिगमेंट को बुओन भित्तिचित्र में प्लास्टर से जोड़कर पेंटिंग को स्थायित्व प्रदान किया जाता है ?

(A) कार्बनिक रंग यौगिकों का बहुलकीकरण
(B) वर्णक बाइंडरों का पायसीकरण
(C) कार्बोनेशन द्वारा क्रिस्टलीय संरचना का निर्माण
(D) सतही चूने के कणों का ऑक्सीकरण

What is the chemical process by which pigments bond to the plaster in Buon fresco, giving the painting its exceptional durability ?

(A) Polymerization of organic colour compounds
(B) Emulsification of pigment binders
(C) Carbonation forming a crystalline structure
(D) Oxidation of surface lime particles

69. "ऑब्जेक्ट (ले डेजुनेर एन फोरे)" – एक फर से ढका हुआ कप, तश्तरी और चम्मच किसने बनाया ?

(A) मार्सेल डुशैम्प (B) साल्वाडोर डाली (C) मैक्स अर्न्स्ट (D) मेरेट ओपेनहाइम

Who created the artwork "Object (Le Dejeuner en Fourrure)" – a fur-covered cup, saucer and spoon ?

(A) Marcel Duchamp (B) Salvador Dali (C) Max Ernst (D) Meret Oppenheim

70. 12वीं शताब्दी में गोथिक चित्रकला का उद्भव सर्वप्रथम किस देश में हुआ ?

(A) इंग्लैंड
(B) फ्रांस
(C) इटली
(D) स्पेन

In which country did Gothic painting first emerge during the 12th century ?

(A) England
(B) France
(C) Italy
(D) Spain

71. 13वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में इटली में, विशेष रूप से स्क्रोवेग्नी चैपल में, भित्तिचित्र तकनीक को पुनर्जीवित करने और उसका नवपरिवर्तन करने का श्रेय किस कलाकार को दिया जाता है ?

(A) राफेलो सांज़ियो दा उरबिनो
(B) जियोवानी बातिस्ता टाएपोलो
(C) गिओटो डि बोन्डोन
(D) लियोनार्डो दा विंची

Which artist is credited with reviving and innovating the fresco technique in late 13th century Italy, particularly in the Scrovegni Chapel ?

(A) Raffaello Sanzio da Urbino
(B) Giovanni Battista Tiepolo
(C) Giotto di Bondone
(D) Leonardo da Vinci

72. लियोनार्डो दा विंची ने चित्रों में रंगों और रंगतों (टोन्स) के बीच संक्रमण को सहज बनाने के लिए कौन-सी तकनीक विकसित की ?

(A) कैंगियांटे
(B) टेनेब्रिज़्म
(C) कियारोस्कोरो
(D) स्फूमाटो

Which technique did Leonardo da Vinci famously develop for softening transitions between colours and tones in paintings ?

(A) Cangiante
(B) Tenebrism
(C) Chiaroscuro
(D) Sfumato

73. 1909 – 11 में अजंता के भित्ति चित्रों की प्रतिलिपि बनाने में लेडी हेरिंघम की सहायता के लिए बॉम्बे स्कूल से चुने गए कलाकारों में से एक कौन था ?

(A) एस.एच. रज़ा
(B) ए.एक्स. त्रिनदाद
(C) सैयद अहमद
(D) एफ.एन. सूज़ा

Who of the following artists from the Bombay School was chosen to assist Lady Herringham in copying the murals of Ajanta in 1909 – 11 ?

(A) S.H. Raza
(B) A.X. Trindade
(C) Syed Ahmad
(D) F.N. Souza

74. अजंता गुफा चित्र बौद्ध दर्शन में हीनयान से महायान चरण तक के संक्रमण को कैसे दर्शाते हैं ?

(A) जैन धार्मिक प्रतीकों का परिचय
(B) रचनाओं से बोधिसत्त्व छवियों का विलोपन
(C) बुद्ध के प्रतीकात्मक चित्रण से मूर्तिपरक (आइकॉनिक) चित्रण की ओर बदलाव
(D) भित्तिचित्रों में हिंदू देवी-देवताओं का बढ़ता उपयोग

How do Ajanta cave paintings reflect the transition in Buddhist philosophy from the Hinayana to the Mahayana phase ?

(A) Introduction of Jain religious symbols
(B) Elimination of Bodhisattva images from compositions
(C) Shift from symbolic to iconic depictions of Buddha
(D) Increased use of Hindu deities in murals

75. जैन चित्रकला की एक प्रमुख शैलीगत विशेषता है :

(A) कोमल टोनल शेडिंग
(B) धुँधली रूपरेखाएँ
(C) पतली, तारनुमा रेखीय रूपरेखाएँ
(D) मोटा इम्पैस्टो ब्रशवर्क

A defining stylistic feature of Jain painting is the predominance of:

(A) Soft tonal shading
(B) Blurred [illegible]
(C) Thin, wiry linear outlines
(D) Thick impasto brushwork

76. राजस्थानी चित्रकला को मुगल चित्रकला से अलग एक विशिष्ट शैली के रूप में वर्गीकृत करने का अग्रणी श्रेय किसे दिया जाता है ?

(A) आनंद कुमारस्वामी
(B) एम.एस. रंधावा
(C) पर्सी ब्राउन
(D) कार्ल जे. खंडालवाला

Who is considered the pioneer in classifying Rajasthani painting as a distinct school separate from Mughal painting ?

(A) Ananda Coomaraswamy
(B) M.S. Randhawa
(C) Percy Brown
(D) Karl J. Khandalavala

77. अजंता गुफा निर्माण का दूसरा चरण किस राजवंश से संबंधित है ?

(A) चालुक्य
(B) गुप्त
(C) सातवाहन
(D) वाकाटक

Which dynasty is associated with the second phase of Ajanta cave construction ?

(A) Chalukya
(B) Gupta
(C) Satavahana
(D) Vakataka

78. किस रोमांटिक कलाकार को 'द फाइटिंग टेमेरायर' नामक चित्र के लिए जाना जाता है, जो पुरानी यादों और समय के बीतने को खूबसूरती से दर्शाता है ?

(A) फ्रांसिस्को गोया (स्पेन)
(B) थियोडोर गेरिकॉल्ट (फ्रांस)
(C) जे.एम.डब्ल्यू. टर्नर (इंग्लैंड)
(D) यूजीन डेलाक्रॉइक्स (फ्रांस)

Which Romantic artist is known for 'The Fighting Temeraire', which captures nostalgia and the passage of time beautifully ?

(A) Francisco Goya of Spain
(B) Théodore Géricault of France
(C) J.M.W. Turner of England
(D) Eugène Delacroix of France

79. भारतीय कला की कौन-सी प्रवृत्ति इंस्टॉलेशन और परफॉर्मेंस आर्ट की ओर बदलाव से संबंधित है, जो अक्सर सामाजिक-राजनीतिक विषयों पर केंद्रित होती है ?

(A) न्यू मीडिया आर्ट
(B) बड़ौदा समूह के कलाकार
(C) बंगाल स्कूल आंदोलन
(D) प्रगतिशील कलाकारों का समूह (PAG)

Which trend in Indian art is associated with the shift towards installation and performance art, often engaging with socio-political themes ?

(A) New Media Art
(B) Baroda Group of Artists
(C) Bengal School Movement
(D) Progressive Artists' Group (PAG)

80. किस अतियथार्थवादी कलाकार ने प्लास्टर या काँसे में जैविक आकृतियों से मिलती-जुलती कोमल, अनाकार मूर्तियाँ बनाईं ?

(A) हेनरी मूर (B) हैंस आर्प (जीन आर्प) (C) जियोर्जियो डी चिरिको (D) ऑगस्टे रोडिन

Which Surrealist artist created soft, amorphous sculptures resembling biological forms in plaster or bronze ?

(A) Henry Moore (B) Hans Arp (Jean Arp) (C) Giorgio de Chirico (D) Auguste Rodin

81. पुनर्जागरण कला पर तेल चित्रकला के आगमन का क्या प्रभाव पड़ा ?

(A) भित्तिचित्रों की तुलना में कलाकृतियों का क्षरण तेज़ी से हुआ

(B) कलाकारों को छोटे कैनवासों तक सीमित कर दिया गया

(C) अधिक विवरण, यथार्थवाद और सूक्ष्म छायांकन संभव हुआ

(D) सीमित रंग उपलब्ध थे और सूखने में अधिक समय लगता था

What impact did the introduction of oil paint have on Renaissance Art ?

(A) Caused deterioration of art works faster than fresco

(B) Restricted artists to smaller canvases

(C) Allowed for greater detail, realism and subtle shading

(D) Limited colours available and longer drying time

82. अभिव्यक्तिवाद मुख्यतः निम्नलिखित में से किस कलात्मक तकनीक द्वारा अभिलक्षित है ?

(A) स्वचालित लेखन और स्वप्न बिम्बन का प्रयोग (B) रूप का भावनात्मक विरूपण और अतिशयोक्तिपूर्ण चित्रण

(C) शास्त्रीय परिप्रेक्ष्य का कठोर पालन (D) प्रकृति का सटीक, यथार्थवादी चित्रण

Expressionism is primarily characterized by which of the following artistic techniques ?

(A) Use of automatic writing and dream imagery (B) Emotional distortion and exaggeration of form

(C) Strict adherence to classical perspective (D) Precise, realistic depiction of nature

83. निका दंगों के बाद, किस बायज़ेंटाइन सम्राट ने 532 – 537 ईस्वी के बीच कॉन्स्टेंटिनोपल में एक भव्य नए हागिया सोफिया के निर्माण का आदेश दिया था ?

(A) थियोडोसियस द्वितीय (B) जस्टिनियन प्रथम

(C) कॉन्स्टटाइन द ग्रेट (D) हेराक्लियस

Following the Nika riots, which Byzantine emperor ordered the construction of a grand new Hagia Sophia in Constantinople between 532 – 537 CE ?

(A) Theodosius II (B) Justinian I

(C) Constantine the Great (D) Heraclius

84. किस आर्टिस्ट ने ग्राफिटी को व्यावसायिक मुख्यधारा में लाने का काम किया ?

(A) ओसिरिस (B) कीथ हेरिंग

(C) माइक जाइंट (D) नोआ

Which artist brought graffiti into the commercial mainstream ?

(A) Osiris (B) Keith Haring

(C) Mike Giant (D) Noah

85. जियोर्जियोने के अधूरे छोड़े हुए चित्रों को किन दो कलाकारों ने पूर्ण किया था ?

(A) टिशियन तथा सेबास्टियानो डेल पियोम्बो
(B) लियोनार्डो और राफेल
(C) माइकल एंजेलो और डोनाटेलो
(D) पिकासो और डाली

Which two artists completed Giorgione's unfinished paintings ?

(A) Titian and Sebastiano del Piombo
(B) Leonardo and Raphael
(C) Michelangelo and Donatello
(D) Picasso and Dali

86. पटना कलम चित्रकला में प्रयुक्त माध्यम क्या है ?

(A) कैनवास पर तैल चित्र
(B) लकड़ी के बोर्ड पर ऐक्रेलिक चित्रण
(C) दीवारों पर फ्रेस्को भित्तिचित्र
(D) हस्तनिर्मित कागज़ पर जल रंग

What is the principal medium used in Patna Kalam Paintings ?

(A) Oil paints on canvas
(B) Acrylic paints on wooden board
(C) Fresco murals on walls
(D) Water colours on handmade paper

87. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| सूची I (अवधारणा) | सूची II (विवरण) |
|---|---|
| a. स्वर्ग और मानव की एकता | i. मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्य पर बल |
| b. सामंजस्य और अंतर | ii. विविधता में संतुलन जो एकता की ओर ले जाता है |
| c. निष्क्रियता और शासन | iii. प्राकृतिक, असीमित सौंदर्य अभिव्यक्ति की खोज |
| d. मन और वस्तुओं की एकता | iv. कलाकार की भावनाओं का वस्तु के साथ एकीकरण |

कूट :

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

Match List I with List II and choose the correct answer from the codes given below the lists :

| List I (Concept) | List II (Description) |
|---|---|
| a. Unity of Heaven and Man | i. Emphasizes harmony between human and nature |
| b. Harmony and Difference | ii. Balance in diversity leading to unity |
| c. Inaction and Governance | iii. Pursuit of natural, unrestrained aesthetic expression |
| d. Unity of mind and things | iv. Integration of artist's emotions with the object |

Codes :

(A) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(B) a-i, b-ii, c-iii, d-iv
(C) a-iv, b-i, c-ii, d-iii
(D) a-ii, b-iii, c-iv, d-i

88. "महाराणा अमर सिंह द्वितीय अपने शिकारी कुत्तों के साथ हुक्का पीते हुए" नामक प्रसिद्ध चित्र किस राजस्थानी उप-शैली का है ?

(A) बीकानेर शैली
(B) बूँदी शैली
(C) किशनगढ़ शैली
(D) मेवाड़ शैली

Which Rajasthani sub-style does the famous painting "Maharana Amar Singh II Smoking Hookah with His Hunting Dogs" belong to ?

(A) Bikaner style
(B) Bundi style
(C) Kishangarh style
(D) Mewar style

89. माइकल एंजेलो द्वारा कैस्किना की लड़ाई को दर्शाने के लिए बनाए गए चित्र किस नाम से प्रसिद्ध हुए ?

(A) कैस्किना के बंदी (प्रिज़्नर्स ऑफ कैस्किना)
(B) नदी तट के योद्धा (वॉरियर्स ऑफ द रिवरबैंक)
(C) विश्राम करते सैनिक (रेस्टिंग सोल्जर्स)
(D) स्नानार्थी (बेथर्स)

By what name did the drawings made by Michelangelo to depict the Battle of Cascina become famous ?

(A) Prisoners of Cascina
(B) Warriors of the Riverbank
(C) Resting Soldiers
(D) Bathers

90. लास्को गुफा में प्रागैतिहासिक चित्रकला मुख्य रूप से किस प्रकार की विषय-वस्तु को दर्शाती है ?

(A) अमूर्त ज्यामितीय और प्रतीकात्मक रूपांकन
(B) जलीय या समुद्री जीवों का प्रतिनिधित्व
(C) प्रारंभिक मानव आकृतियों के यथार्थवादी चित्र
(D) बड़े जानवर जैसे बैल, घोड़े और हिरण

The prehistoric paintings in the Lascaux cave mainly depict which type of subject matter ?

(A) Abstract geometric and symbolic motifs
(B) Representations of aquatic or marine creatures
(C) Realistic portraits of early human figures
(D) Large animals such as bulls, horses and deer

91. कौन-सी समकालीन कला शैली व्यावसायिक छवियों को ललित कला के साथ संयोजित करने की विशेषता रखती है और एंडी वारहोल जैसे कलाकारों द्वारा लोकप्रिय बनाई गई थी ?

(A) स्ट्रीट आर्ट
(B) अतिसूक्ष्मवाद (मिनिमलिज़्म)
(C) पॉप आर्ट
(D) अतियथार्थवाद (हाइपररिअलिज़्म)

Which contemporary art style is characterized by combining commercial imagery with fine art and was popularized by artists like Andy Warhol ?

(A) Street Art
(B) Minimalism
(C) Pop Art
(D) Hyperrealism

92. भारत में एक्स-रे शैली की चित्रकारी सांस्कृतिक रूप से निम्नलिखित में पाई जाने वाली समान परंपराओं से तुलनीय है :

(A) बायज़ेंटाइन मोज़ाइक
(B) रोमन भित्तिचित्र
(C) मिस्र के मकबरे के भित्तिचित्र
(D) ऑस्ट्रेलियाई आदिवासी शैल कला

X-ray style paintings in India are culturally comparable to similar traditions found prominently in :

(A) Byzantine mosaics
(B) Roman frescoes
(C) Egyptian tomb murals
(D) Australian Aboriginal rock art

93. पुनर्जागरणकालीन चित्रकला में रेखीय परिप्रेक्ष्य का उद्देश्य क्या था ?

(A) प्रतीकात्मक धार्मिक विषयों को उजागर करना

(B) गहराई और त्रि-आयामी स्थान दिखाना

(C) आकृतियों को समतल करना और सतह पैटर्न पर बल देना

(D) भावनात्मक प्रभाव के लिए आकृतियों को विकृत करना

What was the purpose of linear perspective in Renaissance painting ?

(A) To highlight symbolic religious themes

(B) To show depth and three-dimensional space

(C) To flatten forms and stress surface patterns

(D) To distort figures for emotional impact

94. महान कलाकार 'नूरुद्दीन' राजस्थानी लघु चित्रकला शैली की किस उप-शैली से संबंधित हैं ?

(A) बूँदी (B) अजमेर (C) जयपुर (D) बीकानेर

The great artist 'Nuruddin' belongs to which sub-school of the Rajasthani school of miniature painting ?

(A) Bundi (B) Ajmer (C) Jaipur (D) Bikaner

95. निम्नलिखित में से कौन-सी सचित्र पांडुलिपि सम्राट अकबर के संरक्षण में एक प्रमुख परियोजना थी और इसमें उनके शाही चित्रशाला द्वारा निर्मित सैकड़ों चित्र शामिल थे ?

(A) हम्ज़ानामा (B) अकबरनामा

(C) आईन-ए-अकबरी (D) अनवर-ए-सुहैली

Which of the following illustrated manuscripts was a major project under Emperor Akbar's patronage and involved hundreds of paintings produced by his royal atelier ?

(A) Hamzanama (B) Akbarnama

(C) Ain-e-Akbari (D) Anwar-e-Suhaili

96. बायज़ेंटाइन गिरिजाघरों में वर्गाकार आधारों पर गुंबदों को सहारा देने वाला वास्तुशिल्प तत्त्व कौन-सा है ?

(A) स्पैन्ड्रल (B) ट्राइफोरियम

(C) फ्लाइंग बट्रेस (D) पेंडेंटिव

What architectural element allows domes to be supported over square bases in Byzantine churches ?

(A) Spandrel (B) Triforium

(C) Flying buttress (D) Pendentive

97. 'कबीर और रैदास' को चित्रित करने वाले कलाकार का नाम है :

(A) उस्ताद फकीरुल्लाह खान (B) दाना

(C) मिस्किन (D) हाजी मदनी

Name the artist who painted "Kabir and Raidas".

(A) Ustad Faquirullah Khan (B) Dana

(C) Miskin (D) Haji Madni

98. 1973 में जारी भारतीय डाक टिकट पर किस चित्र को चित्रित किया गया था, जिससे इसे "कालातीत" दर्जा मिला ?

(A) कबीर और रैदास
(B) बनी ठनी
(C) हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो
(D) शिव और सती

Which painting was featured on an Indian postage stamp issued in 1973, thereby giving it a "timeless" status ?

(A) Kabir and Raidas
(B) Bani Thani
(C) Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro
(D) Shiva and Sati

99. उत्तर-प्रभाववादी आंदोलन मुख्यतः किस भौगोलिक स्थान और समयावधि में उभरा ?

(A) लंदन, 1866 – 1920
(B) पेरिस, 1886 – 1905
(C) न्यूयॉर्क, 1900 – 1920
(D) बर्लिन, 1870 – 1890

The Post-Impressionist Movement primarily emerged in which geographic location and time period ?

(A) London, 1866 – 1920
(B) Paris, 1886 – 1905
(C) New York, 1900 – 1920
(D) Berlin, 1870 – 1890

100. प्राचीन पाषाण युग का प्रसिद्ध 'जंगली सूअर' का चित्र किस गुफा में स्थित है ?

(A) क्यूवा डे ला पिलेटा, स्पेन
(B) फॉन्ट-डे-गॉम की गुफा, फ्रांस
(C) लास्को की गुफा, फ्रांस
(D) अल्तामीरा की गुफा, स्पेन

The famous 'Wild Boar' painting from the Old Stone Age is situated in which cave ?

(A) Cueva de la Pileta, Spain
(B) Cave of Font-de-Gaume, France
(C) Cave of Lascaux, France
(D) Cave of Altamira, Spain

101. किस कलाकार की तेल की चमकदार परत (ग्लेज़िंग) तकनीकों में महारत ने उच्च पुनर्जागरण काल के वेनिस में रंगों की अभूतपूर्व गहराई को संभव बनाया ?

(A) एंड्रिया मांटेग्ना
(B) फ्रा एंजेलिको
(C) जियोवानी बेलिनी
(D) सैंड्रो बॉटिचेली

Which artist's mastery of oil glazing techniques enabled unprecedented depth of colour in High Renaissance Venice ?

(A) Andrea Mantegna
(B) Fra Angelico
(C) Giovanni Bellini
(D) Sandro Botticelli

102. निम्नलिखित में से किसे प्रमुख प्रभाववादी कलाकार ***नहीं*** माना जाता है ?

(A) एडगर डेगास
(B) पियेर-ऑगस्टे रेनॉयर
(C) जॉर्जेस स्युरात
(D) क्लॉड मोनेट

Who among the following is ***not*** considered a core Impressionist artist ?

(A) Edgar Degas
(B) Pierre-Auguste Renoir
(C) Georges Seurat
(D) Claude Monet

103. हुमायूँ ने भारत में किन दो फ़ारसी कलाकारों को आमंत्रित किया, जिन्होंने मुगल चित्रकला को प्रभावित किया ?

(A) अब्दुस समद और फर्रुख बेग
(B) उस्ताद मंसूर और बिचित्र
(C) मीर सैय्यद अली और अब्दुस समद
(D) आक़ा रिज़ा और फर्रुख बेग

Which two Persian artists were invited by Humayun to India, influencing Mughal painting ?

(A) Abdus Samad and Farrukh Beg
(B) Ustad Mansur and Bichitr
(C) Mir Sayyid Ali and Abdus Samad
(D) Aqa Riza and Farrukh Beg

104. आर्थर शोपेनहावर के अनुसार, तात्त्विक इच्छा (तत्त्वमीमांसीय संकल्प) और मानवीय पीड़ा के संबंध में सौंदर्य चिंतन क्या अद्वितीय भूमिका निभाता है ?

(A) यह इच्छाओं की पूर्ति और दुख को समाप्त करने के प्रयास को बढ़ावा देता है।
(B) यह इच्छाशक्ति को प्रकट करके इच्छा और दुख को बढ़ाता है।
(C) यह शुद्ध बोध के माध्यम से मन को इच्छाशक्ति से कुछ समय के लिए मुक्त करता है।
(D) यह दुख को ज्ञानोदय की ओर एक कदम के रूप में समझाता है।

According to Arthur Schopenhauer, what unique role does aesthetic contemplation play in relation to the metaphysical will and human suffering ?

(A) It promotes striving to satisfy desires and end suffering.
(B) It increases desire and suffering by revealing the will.
(C) It frees the mind briefly from the will through pure perception.
(D) It explains suffering as a step toward enlightenment.

105. किस प्राचीन सभ्यता को दीवारों पर वास्तविक भित्तिचित्र तकनीक का प्रयोग करने वाली सबसे प्रारंभिक सभ्यताओं में से एक माना जाता है ?

(A) पूर्वी यूरोप की बायज़ेंटाइन सभ्यता
(B) प्राचीन क्रीट की मिनोअन सभ्यता
(C) मध्ययुगीन यूरोप की गोथिक सभ्यता
(D) प्रारंभिक राजवंशीय चीनी सभ्यता

Which ancient civilization is widely credited as one of the earliest to employ true fresco techniques on walls ?

(A) Byzantine civilization of Eastern Europe
(B) Minoan civilization of ancient Crete
(C) Gothic civilization of medieval Europe
(D) Early dynastic Chinese civilization

106. किस दार्शनिक ने सौंदर्य अनुभव को इंद्रियगत (ऐंद्रिक) और तर्कसंगत मानव स्वभाव के सामंजस्य के रूप में महत्त्व दिया ?

(A) फ्रेडरिक विल्हेल्म जोसेफ शेलिंग
(B) डेविड ह्यूम
(C) जॉर्ज विल्हेल्म फ्रेडरिक हेगेल
(D) फ्रेडरिक शिलर

Which philosopher emphasized aesthetic experience as the reconciliation of sensual and rational human nature ?

(A) Friedrich Wilhelm Joseph Schelling
(B) David Hume
(C) Georg Wilhelm Friedrich Hegel
(D) Friedrich Schiller

107. तैयार लघु चित्रों को घोटने (चमकाने) के लिए सामान्यतः उपयोग किए जाने वाले पत्थर का नाम बताइए।

(A) जेड (हरिताश्म)
(B) एम्बर (तृणमणि)
(C) एगेट (हकीक)
(D) पुखराज (टोपाज़)

Name the stone commonly used to burnish the finished miniature paintings.

(A) Jade
(B) Amber
(C) Agate
(D) Topaz

108. कला के क्षेत्र में तिमुरिद संस्कृति किन दो सांस्कृतिक धाराओं का संगम थी ?

(A) इंडो-फ़ारसी और मुगल
(B) चीनी-मंगोलियाई और फ़ारसी
(C) चीनी-मंगोलियाई और मुगल
(D) फ़ारसी और इंडो-फ़ारसी

Timurid culture represented a fusion of which two streams of culture in art ?

(A) Indo-Persian and Mughal
(B) Chinese-Mongolian and Persian
(C) Chinese-Mongolian and Mughal
(D) Persian and Indo-Persian

71610123

109. सिमोन मार्टिनी की सबसे महान कृति कौन-सी है ?

(A) द एननसिएशन
(B) सेंट फ्रांसिस
(C) कोरोनेशन ऑफ द वर्जिन
(D) गाइडोरिचियो द फोगलियानो

What is Simone Martini's greatest masterpiece ?

(A) The Annunciation
(B) Saint Francis
(C) Coronation of the Virgin
(D) Guidoriccio da Fogliano

110. सूची I को सूची II के साथ सुमेलित कीजिए तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

| | सूची I (कलाकार) | | सूची II (कृति) |
|---|---|---|---|
| a. | लियोनार्डो दा विंची | i. | डेविड |
| b. | माइकल एंजेलो | ii. | मोना लिसा |
| c. | राफेल | iii. | द स्कूल ऑफ एथेंस |
| d. | डोनाटेलो | iv. | द ब्रॉन्ज़ डेविड |

कूट :

(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(B) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(C) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(D) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

Match List I with List II and choose the correct answer from the codes given below the lists :

| | List I (Artist) | | List II (Work) |
|---|---|---|---|
| a. | Leonardo da Vinci | i. | David |
| b. | Michelangelo | ii. | Mona Lisa |
| c. | Raphael | iii. | The School of Athens |
| d. | Donatello | iv. | The Bronze David |

Codes :

(A) a-ii, b-i, c-iii, d-iv
(B) a-iii, b-ii, c-i, d-iv
(C) a-i, b-ii, c-iv, d-iii
(D) a-ii, b-iv, c-iii, d-i

111. पुनर्स्थापित भित्तिचित्र के टुकड़ों में मोम की उपस्थिति, जैसे कि पोम्पेई से, संभवतः भित्तिचित्र संरक्षण के संदर्भ में किस उद्देश्य की पूर्ति करती है ?

(A) नमी अवरोधक और सुरक्षात्मक सतह फिनिश के रूप में कार्य करती है

(B) अंडरकोटिंग या पारंभिक आधार परत के रूप में लेपन किया जाता है

(C) रंग एजेंट या वर्णक बाइंडर के रूप में प्रतिस्थापित किया जाता है

(D) मूल प्राकृतिक बंधन माध्यम के रूप में उपयोग किया जाता है

The presence of wax in restored mural fragments, such as those from Pompeii, most likely serves what purpose in the context of mural preservation ?

(A) Acts as a moisture barrier and protective surface finish

(B) Applied as an undercoating or preparatory base layer

(C) Substituted as a colouring agent or pigment binder

(D) Used as an original natural binding medium

112. अमूर्त अभिव्यक्तिवाद में ड्रिप पेंटिंग तकनीक के अग्रदूत के रूप में किस कलाकार को जाना जाता है ?

(A) एंडी वारहोल (B) जैक्सन पोलॉक (C) हेनरी मैटिस (D) डेविड मैकलियॉड

Which artist is known for pioneering the drip painting technique in Abstract Expressionism ?

(A) Andy Warhol (B) Jackson Pollock (C) Henri Matisse (D) David McLeod

113. शंकुक ने किस शास्त्र के आधार पर रस-निष्पत्ति की व्याख्या की है ?

(A) व्याकरण (B) न्याय शास्त्र (C) मीमांसा शास्त्र (D) सांख्य शास्त्र

On the basis of which shastra did Shankuk explain rasa-nishpatti ?

(A) Grammar (B) Nyaya Shastra (C) Mimansa Shastra (D) Sankhya Shastra

114. पहाड़ी चित्रकला की कौन-सी शैली अपनी काव्यात्मक सुंदरता और प्राकृतिकता के लिए जानी जाती है ?

(A) गुलेर (B) गढ़वाल

(C) कांगड़ा (D) बसोहली

Which style of Pahari painting is known for its lyrical beauty and naturalism ?

(A) Guler (B) Garhwal

(C) Kangra (D) Basohli

115. किस कलाकार के परिवार ने पहाड़ी लघु चित्रकला के विकास और बसोहली से गुलेर और अंततः कांगड़ा शैली में इसके परिवर्तन में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है ?

(A) साहिबदीन (B) मनोहर

(C) नैनसुख (D) मीर सैय्यद अली

Which artist's family has played a significant role in the development and transition of Pahari miniature painting from Basohli to Guler and finally to Kangra styles ?

(A) Sahibdin (B) Manohar

(C) Nainsukh (D) Mir Sayyid Ali

116. बसोहली शैली में रस मंजरी और गीत गोविंद के चित्रों की विशेषताओं के संदर्भ में कौन-सा कथन सही है ?

(A) इनके चित्रों के पीछे फारसी कविताएँ हैं और हाशिये पर देवनागरी लिपि में शीर्षक लिखे हैं।

(B) इनके चित्रों के पीछे संबंधित संस्कृत काव्य लिखे हैं और हाशिये के ऊपरी भाग में टाकरी लिपि में शीर्षक दिए गए हैं।

(C) इनके चित्रों के पीछे कोई विवरण नहीं है लेकिन हाशिये पर सुनहरे रंग का प्रयोग किया गया है।

(D) इनके चित्रों के पीछे स्थानीय लोककथाएँ हैं और शीर्षक केवल गुरमुखी लिपि में मिलते हैं।

Which statement is correct regarding the characteristics of the illustrations of Rasa Manjari and Geet Govind in the Basohli style ?

(A) Behind their illustrations are Persian poems, and the titles are written in Devanagari script in the margins.

(B) Relevant Sanskrit poetry is written on the back of their illustrations, and titles are given in Takri script at the top of the margins.

(C) There is no description behind their images, but the margins are decorated with gold.

(D) Behind their images are local folk tales, and the titles are only in Gurmukhi script.

117. निम्नलिखित में से कौन-सा चित्रकला-शैली युग्म *ग़लत* सुमेलित है ?

(A) राजा अनिरुद्ध सिंह हाड़ा – बूँदी (B) राधा – किशनगढ़

(C) रागिनी भैरवी – बीकानेर (D) रसिकप्रिया – मेवाड़

Which of the following painting-school pairs is *incorrectly* matched ?

(A) Raja Aniruddha Singh Hara – Bundi (B) Radha – Kishangarh

(C) Ragini Bhairavi – Bikaner (D) Rasikapriya – Mewar

118. प्रसिद्ध आधुनिक सौन्दर्यशास्त्री क्लाइव बेल द्वारा प्रतिपादित 'सिग्निफिकेंट फॉर्म' का सिद्धान्त उनकी किस प्रसिद्ध कृति में मिलता है ?

(A) विजन एंड डिज़ाइन (B) द मीनिंग ऑफ आर्ट (C) एस्थेटिक थ्योरी (D) आर्ट

In which of his famous books is the theory of "Significant Form", propounded by the renowned modern aesthete Clive Bell, found ?

(A) Vision and Design (B) The Meaning of Art (C) Aesthetic Theory (D) Art

119. थॉमस मोर की किस पुस्तक में आदर्श समाज का वर्णन किया गया है ?

(A) *द प्रिंस* (B) *इन्फर्नो* (C) *द रिपब्लिक* (D) *यूटोपिया*

Which book by Thomas More described an ideal society ?

(A) *The Prince* (B) *Inferno* (C) *The Republic* (D) *Utopia*

120. रोमन सेक्को पेंटिंग परतों के विश्लेषण में निम्नलिखित में से किस बंधन माध्यम की ऐतिहासिक रूप से पहचान की गई है ?

(A) वर्णक माध्यम के रूप में प्रयुक्त बिटुमेन बाइंडर (B) सतह कोटिंग के रूप में प्रयुक्त शैलैक रेज़िन

(C) वर्णकों के साथ मिलाया गया तारपीन विलायक (D) अंडा-आधारित टेम्पेरा इमल्शन बाइंडर

Which of the following binding mediums has been historically identified in the analysis of Roman secco painting layers ?

(A) Bitumen binder applied as a pigment medium (B) Shellac resin used as a surface coating

(C) Turpentine solvent mixed with pigments (D) Egg-based tempera emulsion binder

121. अतियथार्थवादी घोषणापत्र (मैनिफेस्टो), जिसने औपचारिक रूप से अतियथार्थवाद के सिद्धांतों को रेखांकित किया, के लेखक थे :

(A) रेने मैग्रिट
(B) आंद्रे ब्रेटन
(C) मैक्स अर्न्स्ट
(D) पॉल क्ली

The Surrealist Manifesto, which formally outlined the principles of surrealism, was authored by :

(A) Rene Magritte
(B) Andre Breton
(C) Max Ernst
(D) Paul Klee

122. उच्च पुरापाषाण काल के बाइसन और घोड़ों के प्रसिद्ध बहुरंगी चित्र कहाँ स्थित हैं ?

(A) अल्तामीरा गुफा परिसर, स्पेन
(B) क्यूवा डे लास मानोस, अर्जेंटीना
(C) मागुरा गुफा, बुल्गारिया
(D) ब्लोम्बोस गुफा, दक्षिण अफ्रीका

Where are the famous polychrome paintings of bison and horses from the Upper Palaeolithic Period located ?

(A) Altamira cave complex, Spain
(B) Cueva de las Manos, Argentina
(C) Magura Cave, Bulgaria
(D) Blombos Cave, South Africa

123. पटना कलम की अनूठी "काजली स्याही" तकनीक में क्या शामिल है ?

(A) परतदार रंगाई के लिए मोम-प्रतिरोधी विधि का उपयोग करना
(B) धातु के औज़ारों से सतह पर डिज़ाइन उकेरना
(C) पेंसिल रूपरेखा का उपयोग किए बिना सीधे ब्रश का प्रयोग करना
(D) रंग लगाने से पहले चारकोल से रूपरेखा बनाना

The unique "Kajli Syahi" technique used in Patna Kalam involves :

(A) Using a wax-resist method for layered colouring
(B) Etching design onto the surface with metal tools
(C) Direct brush application without using pencil outlines
(D) Drawing charcoal outlines before applying colour

124. फ्रेस्को चित्रण की प्रक्रिया में कौन-सा शब्द उस गीले प्लास्टर की परत को दर्शाता है जिसके कारण समय प्रबंधन अत्यंत महत्त्वपूर्ण हो जाता है ?

(A) फ्रेस्को सेक्को (B) इंटोनाको (C) एरिचियो (D) भित्ति चित्रण

Which term refers to the time-sensitive wet plaster layer that makes time management crucial in the fresco painting process ?

(A) Fresco Secco (B) Intonaco (C) Arriccio (D) Mural painting

125. निम्नलिखित में से कौन-सी पेंटिंग सम्राट जहाँगीर के शासनकाल के दौरान बनाई गई थी ?

(A) कृष्ण गोवर्धन पर्वत उठाते हुए
(B) चीतों के साथ शिकार करते हुए अकबर
(C) पक्षी-विश्राम पर बाज़
(D) दारा शिकोह की बारात

Which of the following paintings was created during the reign of Emperor Jahangir ?

(A) Krishna lifting Mount Govardhan
(B) Akbar Hunting with Cheetahs
(C) Falcon on a Bird-Rest
(D) Marriage procession of Dara Shikoh